# 2015 (A)

# सामाजिक विज्ञान

## प्रथम पाली (First Sitting)

समय : 2 घंटे 45 मिनट ]

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : 2013 (A) का निर्देश देखें। [ पूर्णांक : 80

## ग्रुप- A : इतिहास (20 अंक)

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें।

1. अंकोरवाट का मंदिर कहाँ स्थित है? 1
   (क) वियतनाम (ख) लाओस (ग) कम्बोडिया (घ) थाईलैण्ड
2. सन् 1870 में फ्रांस और प्रशा के बीच युद्ध कहाँ हुआ था? 1
   (क) सेडॉन (ख) सेडोवा (ग) साइडाइन (घ) फ्रैंकफर्ट
3. सही शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
   सन् 1922 में 'हिन्दुस्तान टाइम्स' का सम्पादन .......... ने किया। 1
4. सही शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
   लेनिन ने 1920 ई॰ में .......... नीति की घोषणा की। 1
5. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।
   नापाम और ऐजेन्ट ऑरेंज क्या था? 3
6. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।
   साइमन कमीशन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 3
7. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।
   घरेलू और कुटीर उद्योग को परिभाषित करें। 3
8. निम्न प्रश्न का उत्तर 100 अथवा 120 शब्दों में दें।
   भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महात्मा गाँधी के योगदानों का उल्लेख करें। 7

   **अथवा,**

   सविनय अवज्ञा आंदोलन का वर्णन करें।

## ग्रुप- B : भूगोल (20 अंक)

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें। 1

9. विहार में रज्जुमार्ग कहाँ है?
   (क) पटना (ख) बिहार शरीफ (ग) राजगीर (घ) बांका 1
10. निम्नांकित में कौन उद्योग कृषि पर आधारित नहीं है?
    (क) सूती वस्त्र उद्योग (ख) सीमेंट उद्योग
    (ग) चीनी उद्योग (घ) जूट उद्योग
11. सही शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें। 1
    (i) मैंगनीज उत्पादन में भारत का विश्व में .......... स्थान है। 1
    (ii) संजय गाँधी जैविक उद्यान .......... नगर में स्थित है।
12. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें। 3
    समोच्च रेखा से आप क्या समझते हैं?

A ONLINE SOLUTION

**13. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।**
सौर ऊर्जा का उत्पादन कैसे होता है? 3

**14. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।**
संसाधन को परिभाषित कीजिए। 3

**15. निम्न प्रश्न का उत्तर 100 अथवा 120 शब्दों में दें।**
चाय उत्पादन के प्रमुख भौगोलिक दशाओं का वर्णन करें। भारत के चाय उत्पादक क्षेत्रों का उल्लेख करें। 7

**अथवा,**

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिए—
(क) गेहूँ उत्पादक क्षेत्र (ख) दिल्ली (ग) विशाखापत्तनम बन्दरगाह
(घ) लाल मिट्टी का क्षेत्र (ङ) अरब सागर।

## ग्रुप-C : लोकतांत्रिक राजनीति (17 अंक)

**निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें।**

**16. निम्नलिखित में कौन भारतीय किसान यूनियन के नेता थे?** 1
(क) मोरारजी देसाई (ख) जयप्रकाश नारायण
(ग) महेन्द्र सिंह टिकैत (घ) चौधरी चरण सिंह

**17. लोकसभा में निर्वाचन हेतु कुल सीटों की संख्या है** 1
(क) 542 (ख) 544 (ग) 543 (घ) 545

**18. निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें।**
दल-बदल कानून क्या है? 2

**19. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।**
लोकतंत्र किन स्थितियों में सामाजिक विषमताओं को कम करने में मददगार होता है और सामंजस्य के वातावरण का निर्माण करता है? 3

**20. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।**
सूचना अधिकार आंदोलन के मुख्य उद्देश्य क्या थे? 3

**21. निम्न प्रश्न का उत्तर 100 अथवा 120 शब्दों में दें।**
नगर निगम के मुख्य कार्यों का वर्णन करें। 7

**अथवा,**

भारत में लोकतंत्र कैसे सफल हो सकता है?

## ग्रुप-D : अर्थशास्त्र (17 अंक)

**निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें।**

**22. निम्न में से किस राज्य को पिछड़ा राज्य कहा जाता है?** 1
(क) पंजाब (ख) केरल (ग) बिहार (घ) दिल्ली

**23. उपभोक्ता द्वारा शिकायत करने के लिए आवेदन शुल्क कितना लगता है?** 1
(क) 50 रु० (ख) 10 रु०
(ग) 70 रु० (घ) इनमें से कोई नहीं

**24. निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें।**
साख क्या है? 2

**25. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।**
बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसको कहते हैं? 3

26. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।
वस्तु विनिमय क्या है?

27. निम्न प्रश्न का उत्तर 100 अथवा 120 शब्दों में दें।
व्यावसायिक बैंकों के प्रमुख कार्यों की विवेचना करें।

**अथवा,**

अर्थव्यवस्था की संरचना से आप क्या समझते हैं? इन्हें कितने भागों में बाँटा गया है?

## ग्रुप- E : आपदा प्रबंधन (6 अंक)

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें।

28. संचार का सबसे लोकप्रिय साधन है
(क) सार्वजनिक टेलीफोन
(ख) मोबाइल फोन
(ग) वॉकी-टॉकी
(घ) रेडियो

29. विहार का कौन-सा क्षेत्र बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है?
(क) पूर्वी विहार
(ख) पश्चिमी विहार
(ग) दक्षिणी विहार
(घ) उत्तरी विहार

30. निम्न प्रश्न का उत्तर 50 अथवा 60 शब्दों में दें।
भूकम्प एवं सुनामी के विनाशकारी प्रभाव से बचने के उपायों का वर्णन करें।

## उत्तर (Answers)

1. (ग)
2. (क)
3. के॰एम॰ पन्निकर
4. नई आर्थिक नीति

5. नापाम बम में नापाम नामक एक कार्बनिक यौगिक होता है जो अग्नि बमों में गैसोलिन के साथ मिलकर एक ऐसा मिश्रण तैयार करता है जो त्वचा से चिपक जाता है और जलता रहता है। इससे विषैली गैस भी निकलती है।

एजेन्ट ऑरेंज एक ऐसा जहर है जिससे पेड़ों की पत्तियाँ तुरंत झुलस जाती है एवं पेड़ मर जाता है। जंगलों को खत्म करने में इसका प्रयोग किया जाता है। इसका यह नाम ऑरेंज पट्टियों में रखे जाने के कारण पड़ा। वियतनाम युद्ध में अमेरिका ने इसका इस्तेमाल जंगलों के साथ-साथ खेतों तथा आबादी पर भी जमकर किया।

6. भारत में संवैधानिक सुधार के मुद्दे पर विचार करने हेतु जिस सात सदस्यीय आयोग का गठन किया गया था उसमें एक भी भारतीय नहीं था। भारत में स्वशासन के संबंध में निर्णय विदेशियों द्वारा लिया जाना था। फलत: साइमन कमीशन का पूरे भारत में विरोध हुआ। जनता पुन: संघर्ष हेतु एक जुट होने लगी।

7. कृषि उत्पादों से संबंधित उद्योग घरेलू उद्योग कहलाते हैं। जैसे—दुग्ध व्यवसाय, मुर्गी, सूअर पालन आदि घरेलू व्यवसाय या उद्योग हैं। चावल कुटाई मिल, आटा पिसाई मिल, सरसों तेल पेरने का मिल आदि घरेलू उद्योग हैं। कुटीर उद्योगों में कम पूँजी एवं कम लोगों की सहायता से उद्योग चलाया जाता है। जूता निर्माण, पापड़ उद्योग, सेवई उद्योग, धूपवती निर्माण कुटिर उद्योग के अंतर्गत आते हैं।

8. 2012 (A) के प्रश्न-संख्या 6 का उत्तर देखें।

**अथवा,**

गाँधीजी ने राष्ट्रीय आंदोलन को एक नई दिशा एवं दशा दी। औपनिवेशिक सरकार के विरुद्ध उन्होंने अहिंसा और सत्याग्रह नामक दो नए अस्त्रों का सहारा लिया। स्वतंत्रता आंदोलन को उन्होंने जनआंदोलन में परिवर्तित कर दिया।

1917–18 में उन्होंने चंपारण, खेड़ा और अहमदाबाद में सत्याग्रह का सफल प्रयोग किया। 1920 में गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन आरंभ किया। इसमें बहिष्कार, स्वदेशी तथा रचनात्मक कार्यों पर बल दिया गया। गाँधीजी का दूसरा व्यापक आंदोलन 1930 में हुआ। उन्होंने सरकारी नीतियों के विरुद्ध सविनय अवज्ञा

A ONLINE SOLUTION

आंदोलन आरंभ किया। इसका आरंभ उन्होंने 12 मार्च 1930 को दांडी यात्रा से किया। दांडी पहुँचकर नमक बनाकर उन्होंने 'नमक कानून' भंग किया। गाँधीजी का निर्णायक आंदोलन 1942 में हुआ। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ करने के लिए लोगों को प्रेरित किया तथा 'करो या मरो' का मंत्र दिया।

महात्मा गाँधी एक राजनीतिक नेता के साथ-साथ प्रबुद्ध चिंतक, समाजसुधारक एवं हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे।

**9.** (ग) **10.** (ख) **11.** (i) द्वितीय (ii) पटना


**12.** 2012 (A) के प्रश्न-संख्या 22 का उत्तर देखें।

**13.** सौर किरणों को फोटो वोल्टाइक सेलों में संचित कर इन किरणों को ऊर्जा में परिवर्तित कर सौर-ऊर्जा का उत्पादन किया जाता है। जिससे हीटर, कुलर्स, पंखे, लाइट, टेलीविजन जैसे उपकरण चलाये जा सकते हैं।

**14.** सामान्य तौर पर मानवीय उपयोग में आनेवाली सभी वस्तुएँ संसाधन कहलाती हैं। जैसे— भूमि, मृदा, जल, वायु, खनिज, जीव, प्रकाश इत्यादि। वर्तमान परिवेश में सेवाओं को भी संसाधन माना गया है। जैसे— गायक, कवि, चित्रकार इत्यादि की सेवा।

**15.** चाय की खेती के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाएँ— (i) चाय की खेती के लिए 25°C से 30°C तापमान की आवश्यकता होती है। (ii) सालाना वर्षा 200 सेमी से 250 सेमी चाय की खेती के लिए उपयुक्त है। (iii) ढालुवाँ जमीन आवश्यक है ताकि पानी का जमाव जड़ों के पास नहीं हो सके। (iv) पत्तियों के विकास के लिए आर्द्रता समान रूप से सालोंभर विपरीत होनी चाहिए। सुबह का कुहासा एवं प्रतिदिन की वर्षा पत्तियों की वृद्धि के लिए अत्यंत सहायक है। (v) नदियों के द्वारा लायी गई उपजाऊ मिट्टी चाय की खेती के लिए उपयुक्त है। (vi) सस्ते श्रमशक्ति की आवश्यकता होती है। पत्तियाँ हाथ से तोड़े जाते हैं और इसके लिए अत्यधिक श्रमिक की जरूरत होती है।

अथवा,




**16.** (ग) **17.** (ग)

**18.** सांसदों और विधायकों के दलबदल को रोकने के लिए संविधान का 52वाँ संशोधन अधिनियम 'दलबदल कानून' कहलाता है।

A ONLINE SOLUTION

19. किसी लोकतंत्र द्वारा विभिन्न सामाजिक विषमताओं के बीच सामंजस्य के वातावरण के निर्माण के लिए निम्नलिखित स्थितियों का होना अनिवार्य है—(i) इसका सरल अर्थ यह है कि चुनाव अथवा निर्णय के मामले में विभिन्न व्यक्ति या समूह अलग-अलग समय में बहुमत का निर्माण कर सकते हैं। यदि किसी को उसके जन्म के आधार पर बहुमत में होने से रोका जाता है तो उस व्यक्ति के लिए लोकतांत्रिक शासन सामंजस्य बिठानेवाला नहीं रह जाता है। (ii) लोगों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं है। सरकार एक सामान्य दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व कर सके इसके लिए बहुमत को अल्पमत के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

20. सूचना के अधिकार आंदोलन का मुख्य उद्देश्य सत्ता में आंशिक साझेदारी करना, सरकारी कामकाज पर नियंत्रण रखना तथा सरकार एवं सरकारी मुलजिमों के कार्यों का सार्वजनिकीकरण करना है। राजस्थान में सरकार ने 1994 ई॰ और 1996 ई॰ में जन-सुनवायी आयोजित की। इस आंदोलन के दबाव में सरकार को राजस्थान पंचायती राज अधिनियम में संशोधन कर पंचायत के दस्तावेजों को प्रमाणित प्रतिलिपि जनता को उपलब्ध कराने का आदेश निर्गत करना पड़ा। 1996 ई॰ में दिल्ली में सूचना के अधिकार आंदोलन को लेकर एक राष्ट्रीय समिति का गठन हुआ। 2002 ई॰ में सूचना की स्वतंत्रता नामक एक विधेयक पारित हुआ, लेकिन इसमें व्याप्त गड़बड़ियों के कारण इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। 2004 ई॰ में सूचना के अधिकार से सम्बन्धित विधेयक संसद में लाया गया जिसे जून, 2005 ई॰ में राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली और यह अधिनियम बन गया। इस अधिकार द्वारा जनता को जागरूक कर विकास को समझने, परखने के कौशल में विकास लाने का उद्देश्य समाहित है।

21. 2011 (A) के प्रश्न-संख्या 25 (अथवा) का उत्तर देखें।

**अथवा,**

भारतवर्ष में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली पायी जाती है। भारतीय लोकतंत्र की साख पूरी दुनिया में बढ़ी है। परन्तु लोकतंत्र उतना परिपक्व नहीं हुआ है। कारण कि जनता का जुड़ाव उस स्तर तक नहीं पहुँचा है जहाँ जनता सीधे तौर पर हस्तक्षेप कर सके। अतएव इसकी सफलता के लिए आवश्यक है कि सर्वप्रथम जनता शिक्षित हो, यह सच्चाई है। लोकतांत्रिक सरकारें बहुमत के आधार पर बनती हैं, परंतु लोकतंत्र का अर्थ बहुमत की राय से चलनेवाली व्यवस्था नहीं है बल्कि यहाँ अल्पमत की आकांक्षाओं पर ध्यान देना आवश्यक होता है। भारतीय लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक होता है सरकारें प्रत्येक नागरिक को यह अवसर अवश्य प्रदान करें ताकि वे किसी-न-किसी अवसर पर बहुमत का हिस्सा बन सके। लोकतंत्र की सफलता के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं के अन्दर आंतरिक लोकतंत्र हो। बिडम्बना है कि भारतवर्ष में नागरिकों के स्तर पर और खासतौर पर राजनीतिक दलों के अन्दर आंतरिक विमर्श अथवा आंतरिक लोकतंत्र भी स्वस्थ परम्परा का सर्वथा अभाव दिखता है। जाहिर है कि इसके दुष्परिणाम के तौर पर सत्ताधारी लोगों के चरित्र एवं व्यवहार गैर-लोकतांत्रिक दिखेंगे और लोकतंत्र के प्रति हमारे विश्वास में कमी होगी। इसे हम अपनी सक्रिय भागीदारी एवं लोकतंत्र में अटूट विश्वास से दूर हो सकते हैं।

वास्तव में लोकतंत्र के उपर्युक्त तथ्यों का अध्ययन करने पर यह स्पष्ट होता है कि लोकतंत्र उपयुक्त तरीकों द्वारा सफल बनाया जा सकता है।

22. (ग) 23. (घ)

24. साख का सही अर्थ होता है—विश्वास या भरोसा परन्तु अर्थशास्त्र में इसका महत्त्व बहुत ही व्यापक हो जाता है। साख का अर्थ है—किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा ऋण का दिया जाना तथा बदले में एक निश्चित समय के अन्दर उसे भुगतान किया जाना।

प्रो॰ नीड के अनुसार "साख एक ऐसा विनिमय कार्य है जो एक निश्चित अवधि के बाद भुगतान करने के बाद पूरा हो जाता है।"

25. बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ वैसी कम्पनी को कहा जाता है जो अपने उत्पादन नियंत्रण व उसका स्वामित्व विश्व के कई देशों में रखती हैं। ये कम्पनियाँ अपनी उत्पादन लागत में कमी करने एवं अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से उन जगहों या देशों में उत्पादन करने के लिए अपने संयंत्र स्थापित करती हैं जहाँ उन्हें संसाधन की पूर्ति हो सके। जैसे—नोकिया मोबाइल, इंफोसिस, कोका कोला आदि।

A ONLINE SOLUTION

**26.** प्राचीन काल में प्रचलित प्रथा को वस्तु विनिमय प्रणाली कहा जाता था इसे अदला-बदली प्रणाली भी कहा जाता है। वस्तुओं की वस्तुओं अथवा सेवाओं के साथ प्रत्यक्ष अदल-बदल की प्रणाली को वस्तु विनिमय कहते थे। मुद्रा के माध्यम के बिना एक वस्तु अथवा सेवा का दूसरी वस्तु अथवा सेवा के साथ-साथ सीधा विनिमय ही इस प्रणाली के अन्तर्गत आता था।

दूसरे शब्दो में, वस्तु विनिमय प्रणाली वह प्रणाली है जिसमें वस्तु का विनिमय वस्तु द्वारा ही होता है और विनिमय का कोई सर्वमान्य माध्यम नहीं होता।

**27.** 2011 (A) के प्रश्न-संख्या 35 (अथवा) का उत्तर देखें।

**अथवा**

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की संरचना उस देश में होने वाली आर्थिक क्रियाओं पर निर्भर करता है। किसी भी अर्थव्यवस्था में कृषि, उद्योग, व्यापार, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, संचार आदि क्रियाएँ संपादित की जाती हैं। वहाँ के निवासी अपनी आजीविका अर्जन के लिए विभिन्न आर्थिक क्रियाओं में लगे रहते हैं। उदाहरण के लिए कृषक कृषि-कार्य करता है और कृषि उत्पादों को बाजारों में बेचकर अपने आवश्यक वस्तुओं को खरीदते हैं। इसी प्रकार उद्यमी व्यक्ति अपनी पूँजी लगाकर औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना करते हैं और लाभ कमाते हैं। देश के कुछ ऐसे भी वर्ग के लोग हैं जो अपनी सेवा प्रदान करते हैं और उसका मूल्य प्राप्त करते हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था की संरचना का अर्थ विभिन्न उत्पादन क्षेत्रों में इसका विभाजन है।

अर्थव्यवस्था की संरचना को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है—

(i) **प्राथमिक क्षेत्र** : जब प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके किसी वस्तु का उत्पादन किया जाता है तो इसे हम प्राथमिक क्षेत्र के नाम से पुकारते हैं। इसे प्राथमिक क्षेत्र इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह अन्य निर्मित किये जाने वाले वस्तुओं का आधार है। प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि, डेयरी, मछली पालन और वन्य उत्पाद आदि आते हैं।

(ii) **द्वितीयक क्षेत्र** : द्वितीयक क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र भी कहा जाता है। द्वितीयक क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र या प्राथमिक क्षेत्र के उत्पादों को विनिर्माण प्रणाली के द्वारा निर्मित की जाती है। उदाहरण के लिए गन्ने से चीनी और गुड़ तैयार करना।

(iii) **तृतीयक क्षेत्र** : तृतीयक क्षेत्र जिसे सेवा क्षेत्र भी कहा जाता है, प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्र के विकास में मदद करते हैं। इसके अंतर्गत बैंक, बीमा, परिवहन, संचार, व्यापार एवं अन्य सेवाएँ आती हैं।

**28.** (घ) 29. (ग)

**30.** भूकम्प के प्रभावों को कम करने वाले चार उपाय निम्न हैं—

(i) भवन का निर्माण आयताकार किया जाना चाहिए।

(ii) कंक्रीट युक्त दीवारों का निर्माण किया जाना चाहिए।

(iii) दरवाजे एवं खिड़कियों की स्थिति भूकम्परोधी होनी चाहिए।

(iv) भवन निर्माण से पूर्व स्थान-विशेष की मिट्टी को वैज्ञानिक अध्ययन किया जाना चाहिए।

सुनामी से बचाव के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैं—

(i) समुद्र तटीय क्षेत्रों में मैंग्रोव के वृक्ष लगाया जाना चाहिए।

(ii) समुद्र तटीय क्षेत्रों में कंक्रीट के तटबंध का निर्माण किया जाना चाहिए।

(iii) समुद्री क्षेत्रों के नजदीक रहने वाले लोगों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

A ONLINE SOLUTION